
# Domains of Development
# ( विकास के पक्ष )

**Domains of development** refers to the different areas in which individual grow and develop over time.
**विकास के पक्ष** उन विभिन्न क्षेत्रों को संदर्भित करते है जिनमें व्यक्ति समय के साथ बढ़ता और विकसित होता है।


**Broad Domains of Development**
**विकास के मुख्य पक्ष**




**[Mnemonic - PCS-E]**

**Note :**
Domains of Development are inter-related
विकास के पक्ष परस्पर-संबंधित है।

**Types of Development**
**विकास के प्रकार**




## Physical Development
## शारीरिक विकास

- Physical development refers to the growth and changes in a person's body over time.
  शारीरिक विकास से तात्पर्य समय के साथ किसी व्यक्ति के शरीर में होने वाली वृद्धि और परिवर्तनों से है।
- Physical development is about the physique. It includes aspects like :
  शारीरिक विकास शारीरिक गठन से संबंधित है। इसमें शामिल पहलू है:
  - ➢ Muscles and bone development (माँसपेशियों और हड्डियों का विकास)
  - ➢ Growth i.e. increase in height and weight.
    (वृद्धि अर्थात लम्बाई और वजन में वृद्धि)

- Puberty (यौवन)
- Aging (बुढ़ापा)
- Motor skills (गत्यात्मक कौशल)

## Motor Development
## गत्यात्मक विकास

- Motor development is about the muscular development and coordination.
  गत्यात्मक विकास माँसपेशियों के विकास और समन्वय से संबंधित है।

Motor Development
(गत्यात्मक विकास)

Gross Motor Skills
(स्थूल गत्यात्मक कौशल)

Fine Motor Skills
(सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल)





**(A) Gross Motor Skills :** Gross Motor Skills are the abilities that let us do tasks that involve large muscles.

*Example :* Jumping, Running, Catching a ball, throwing etc.

**स्थूल गत्यात्मक कौशल :** स्थूल गत्यात्मक कौशल का मतलब है, शरीर की बड़ी मांसपेशियों का इस्तेमाल करके की जाने वाली गतिविधियां।

**उदाहरण :** कूदना, दौड़ना, गेंद पकड़ना, गेंद फेंकना आदि।

**(B) Fine Motor Skills :** Fine Motor Skills are the abilities that let us do tasks that involve small muscles.

*Example :* Writing, Brushing teeth, Paper cutting, Joining blocks etc.

**सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल :** सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल का मतलब है, शरीर की छोटी मांसपेशियों का इस्तेमाल करके की जाने वाली गतिविधियां।

**उदाहरण :** लिखना, दाँत साफ करना, कागज़ काटना, ब्लॉक जोड़ना आदि।

## Cognitive Development
## संज्ञानात्मक विकास

- Cognitive development refers to the process by which individuals acquire, process, store and use knowledge.
  संज्ञानात्मक विकास से तात्पर्य उस प्रक्रिया से है जिसके द्वारा व्यक्ति ज्ञान प्राप्त करता है, उसका अधिग्रहण, प्रसंस्करण, संग्रहीत और उपयोग करता हैं।

- Cognitive development is about the mental growth and intellectual development.
  संज्ञानात्मक विकास, मानसिक विकास और बौद्धिक विकास से संबंधित है।

  Examples (उदाहरण)

  1. Thinking (चिंतन)
  2. Reasoning (तर्क)
  3. Memory (स्मृति)
  4. Imagination (कल्पना)
  5. Problem-Solving (समस्या समाधान)
  6. Decision-making (निर्णय-निर्माण)

## Language Development
## भाषायी विकास

- Language development is the process by which an individual acquire, understand and use language for communication.
  भाषायी विकास वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति भाषा को सीखता, समझता और संचार के लिए उपयोग करना सीखता है।

- Language development is about the way children learn language, and the age at which they acquire different components of language.
  भाषा का विकास बच्चे के भाषा सीखने के तरीके और उस उम्र के बारे में है जिस उम्र में वे भाषा के विभिन्न घटकों को सीखते हैं।

| It involves | | | | इसमे शामिल है |
|---|---|---|---|---|
| **L** → Listening | , | सुनना ← **सु** |
| **S** → Speaking | , | बोलना ← **बो** |
| **R** → Reading | , | पढ़ना ← **प** |
| **W** → Writing Skills | , | लिखना कौशल ← **लि** |

## Social Development
## सामाजिक विकास

- Social development refers to the process by which an individual learn to interact with others, develop relationship & navigate social norms.
  सामाजिक विकास वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक व्यक्ति दूसरों के साथ बातचीत करना और सामाजिक नियमों को समझना सीखता है।
- It is about the cultural and societal influences on personality of a child.
  सामाजिक विकास बच्चे के व्यक्तित्व पर सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभावों के बारे में है।
- It begins from infancy and continuous throughout life.
  यह शैशवावस्था से शुरू होकर जीवन भर चलता है।

## Emotional Development
## सांवेगिक विकास

- Emotional development is about different emotions at various stages and how they grow over a period of time.
  भावनात्मक विकास विभिन्न चरणों में विभिन्न संवेगों के बारे में है और वे एक समयावधि में कैसे बढ़ते हैं।
- Individual learn to recognize, express, regulate and understand emotions.
  व्यक्ति अपनी भावनाओं को पहचानना, व्यक्त करना, नियंत्रित करना और समझना सीखता है।

- According to **JB Watson,** children have three emotions by birth.
  जे. बी. वाटसन के अनुसार, बच्चों मे जन्म से तीन भावनाएँ होती है।

  **F** – Fear (भय)

  **A** – Anger (क्रोध)

  **L** – Love (प्रेम)

## Moral Development
## नैतिक विकास

- Moral development refers to the process by which an individual learn to distinguish between what is "right and wrong." Development of conscience and values also come under this domain of development.
  नैतिक विकास वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक व्यक्ति सही और गलत के बीच अंतर करना सीखता है। विवेक और मूल्यों का विकसित होना भी इसी विकास क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
- It begins in childhood and continuous throughtout life.
  यह बाल्यावस्था से शुरु होकर जीवन भर चलता है।
- Development of Ethical values.
  नैतिक मूल्यों का विकास।
- Development of Social responsibilities.
  सामाजिक ज़िम्मेदारियों का विकसित होना।